Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Rajsamand District Headquarters, Rajasthan-laid

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ (राजसमन्द) : मै अपने लोक सभा संसदीय क्षेत्र राजसमन्द के लोकमहत्त्व के अतिमहत्त्वपूर्ण विषय के प्रति सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूँ । राजसमन्द जिला मुख्यालय होने के उपरांत भी यहाँ आज की दिनांक तक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है जबकि जिले में उपखंड मुख्यालय देवगढ़ में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित है । जिला मुख्यालय पर केन्द्रीय विद्यालय स्थापित होने से आमजन एवं कार्यरत सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी । अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जिला मुख्यालय राजसमन्द में शीघ्रातिशीघ्र केन्द्रीय विद्यालय को प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की जाये ।